
फ़्रांसिस का जन्मदिन

रसेल होबन

चित्र: लिलियन होबन





यह फ्रांसिस की छोटी बहन ग्लोरिया के जन्मदिन से
एक दिन पहले की बात है.
माँ और ग्लोरिया रसोई की मेज़ पर बैठी थीं,
वो पार्टी के लिए कार्ड बना रही थीं.
फ्रांसिस, झाड़ू वाली अलमारी में बैठी गा रही थी:

तुम्हें थर्सडे मुबारक हो,
तुम्हें थर्सडे मुबारक हो,
प्यारी एलिस,
तुम्हें थर्सडे मुबारक हो.

"ऐलिस कौन है?" माँ ने पूछा.
"ऐलिस एक ऐसी इंसान है जिसे कोई नहीं देख सकता,"
फ्रांसिस ने कहा. "इसीलिए उसका कोई जन्मदिन नहीं होता,
मैं उसके लिए ही हैप्पी थर्सडे गा रही हूँ."

"आज शुक्रवार है,' माँ ने कहा.

"ऐलिस के लिए आज गुरुवार है," फ्रांसिस ने कहा.

"ऐलिस के पास h-r-n-d नहीं होगा,

और उसके पास g-k-l-s भी नहीं होगा.

लेकिन हम साथ में गा रहे हैं."

"ये h-r-n-d और g-k-l-s क्या हैं?" माँ ने पूछा.

"केक और कैंडी. मुझे लगा कि आप

उनकी स्पेलिंग कर सकती थीं," फ्रांसिस ने कहा.

मुझे यकीन है कि ऐलिस अपने जन्मदिन पर

केक और कैंडी खाएगी," माँ ने कहा.

"लेकिन ऐलिस का कोई जन्मदिन नहीं होता,"

फ्रांसिस ने कहा.





"हाँ, होता है," माँ ने कहा. "भले ही उसे कोई देख न सके.

ऐलिस का हर साल एक जन्मदिन होता है, और तुम्हारा भी.

तुम्हारा जन्मदिन अब से दो महीने बाद है.

तब तुम जन्मदिन वाली लड़की होगी.

लेकिन कल ग्लोरिया का जन्मदिन है,

इसलिए कल वह जन्मदिन वाली लड़की होगी."

"ऐलिस, देखो ऐसा ही होता है," फ्रांसेस ने कहा.

"तुम्हारा जन्मदिन हमेशा वही होता है जो अभी नहीं है."


"फ्रांसिस," माँ ने कहा, "क्या तुम और ऐलिस
झाड़ू की अलमारी से बाहर आकर
पार्टी के लिए बैठने वाले कार्ड बनाने में
हमारी मदद क्यों नहीं करतीं?"
फ्रांसिस मेज़ पर आई
और बैठ गई और उसने एक क्रेयॉन उठाया.
"तुम प्लेस (बैठने वाले) कार्ड पर क्या बना रही हो?"
उसने पूछा.
"सुंदर फूल," ग्लोरिया ने कहा.
"इंद्रधनुष और खुशहाल पेड़."
फ्रांसिस ने भी प्लेस कार्ड पर चित्र बनाना शुरू किए,
और चित्र बनाते हुए उसने गाया:

इंद्रधनुष और खुशहाल पेड़
ऐलिस और मेरे लिए नहीं हैं.
मैं तीन पैरों वाली बिल्लियाँ बनाऊँगी.
और बदसूरत टोपी वाले कैटरपिलर.

फ्रांसिस ने गाना बंद कर दिया.
"मैं आपको बता रही हूँ," उसने कहा.
"क्या बता रही हो?" माँ ने पूछा.
"ग्लोरिया ने मुझे मेज़ के नीचे लात मारी," फ्रांसिस ने कहा.
"फ्रांसिस तुम बहुत मतलबी हो," ग्लोरिया ने कहा.

"ग्लोरिया बहुत मतलबी है," फ्रांसिस ने कहा.
"उसने मेरी रेत की बाल्टी और फावड़ा छिपा दिया,
और फिर मुझे वे कभी वापस नहीं मिले."
"वह पिछले साल की बात है," माँ ने कहा.
"जब ग्लोरिया मतलबी होती है,
तो वह हमेशा पिछले साल की बात होती है," फ्रांसिस ने कहा.
"लेकिन मैं और ऐलिस s-m-f-o जानते हैं."





"s-m-fo क्या बला है?" माँ ने पूछा.

"अच्छा," फ्रांसिस ने कहा. "अलविदा.

मैं दो हफ़्ते के लिए ऐलिस से मिलने शहर से बाहर जा रही हूं,

फिर मैं रात के खाने के लिए वापस आऊँगी."

फिर वह झाड़ू की अलमारी में गई

वहां से उसने अपनी पसंदीदा झाड़ू निकाली.

"चलो, चैंप," उसने कहा. "मैं सवारी के लिए तैयार हूँ."

फ्रांसिस झाड़ू पर चढ़ गई

और रसोई से बाहर सरपट दौड़ी

जबकि माँ और\ ग्लोरिया ने प्लेस-कार्ड बनाने का काम पूरा किया.

फिर ग्लोरिया खेलने चली गई

जबकि माँ ने अपने कमरे में उसके उपहार लपेटे.

फ्रांसिस पोर्च पर अपनी झाड़ू पर आगे-पीछे घूम रही थी.

उसने चलते-चलते ऐलिस के लिए एक गाना गाया:

सब लोग शोर मचाते हैं

उन जन्मदिन की लड़कियों के लिए जो हमारी नहीं हैं.

वो लड़कियाँ जो आपकी बाल्टी छीन लेती हैं

सारा दिन केक और q-p-m खाती हैं.

"यह q-p-m आइसक्रीम क्या चीज़ है?" माँ ने खिड़की से फ्रांसेस से पूछा.



"हाँ," फ्रांसेस ने कहा. वह पोर्च की एक झूलती कुर्सी पर चढ़ गई
और उसने खिड़की में से देखा
उन डिब्बों को जिन्हें माँ लपेट रही थीं.
"ग्लोरिया को अपने जन्मदिन पर आपसे और पिताजी से
क्या उपहार मिल रहा है?" फ्रांसेस ने पूछा.

"एक पेंटबॉक्स, एक चाय का सेट और एक आलीशान सुअर," माँ ने कहा.
"मैं ग्लोरिया को कोई उपहार नहीं दूँगी," फ्रांसेस ने कहा.
"कोई बात नहीं," माँ ने कहा,
फिर फ्रांसेस रोने लगी.
"क्या बात है?" माँ ने कहा. "तुम रो क्यों रही हो?"
"सब लोग ग्लोरिया को तोहफ़ा दे रहे हैं, सिवाए मेरे," फ़्रांसिस ने कहा.



"क्या तुम ग्लोरिया को कोई तोहफ़ा देना चाहोगी?" माँ ने पूछा.

"हाँ," फ्रांसेस ने कहा. "अगर मेरे पास

अगले दो भत्ते (पॉकेट मनी) होते, तो मेरे पास

एक निकेल और दो पैसे और फिर

एक निकेल और दो पैसे होते, और मैं

ग्लोरिया के लिए एक चॉम्पो बार

और चार बबल गम की गोलियाँ खरीद सकती थी."

"मुझे लगता है कि ग्लोरिया को जन्मदिन का तोहफ़ा देना

तुम्हारी तरफ़ से बहुत अच्छा होगा," माँ ने कहा,

और उन्होंने फ्रांसेस को अगले दो भत्ते (पॉकेट मनी) दिए.

उस शाम पिताजी फ्रांसेस को

कैंडी की दुकान पर ग्लोरिया के लिए एक चॉम्पो बार

और चार बबल गम की गोलियाँ खरीदने ले गए.





घर लौटते समय फ्रांसेस ने पिताजी से कहा.

"क्या आपको यकीन है कि

ग्लोरिया के लिए एक पूरा चॉम्पो बार खरीदना ठीक रहेगा?

शायद वह अभी उस तरह की कैंडी के लिए बहुत छोटी है.

कहीं उसे इससे उल्टी न हो जाएगी."

"ठीक है," पिताजी ने कहा, "मुझे नहीं लगता

ग्लोरिया के लिए हर रोज़ चॉम्पो बार खाना अच्छा होगा.

लेकिन कल उसका जन्मदिन है,

और मुझे लगता है कि उस दिन उसके लिए

एक चॉम्पो बार खाना ठीक रहेगा."



फ्रांसिस ने ग्लोरिया और चॉम्पो बार के बारे में सोचा,
और सोचते-सोचते उसने
दो बबल-गम अपने मुँह में डाल लीं
बिना ध्यान दिए.
उसने बबल गम चबाया
और चॉम्पो बार को थोड़ा सा दबाया.

"चॉम्पो बार के अंदर एक नरम हिस्सा होता है,"
फ्रांसिस ने कहा, "और उसके चारों ओर एक चबाने
वाला कारमेल वाला हिस्सा होता है,
और बाहर मेवों वाली चॉकलेट होती है.
शायद ग्लोरिया एक बार का आधा से ज़्यादा नहीं खा पाएगी."
"ग्लोरिया को मिठाइयाँ बहुत पसंद हैं," पिताजी ने कहा.
"और मुझे यकीन है कि वह पूरा चॉम्पो बार खा सकेगी.
इसलिए यह उसके लिए बहुत अच्छा तोहफ़ा है,
और तुमने तोहफे के बारे में सोचकर बहुत अच्छा किया."
"हाँ," फ़्रांसिस ने कहा.
"और मैंने ग्लोरिया पर दो भत्ते (पॉकेट मनी) खर्च किए."
जब फ़्रांसिस उन दो भत्ते (पॉकेट मनी) के बारे में सोच रही थी,
तब उसने बबल गम की बाकी दो गोलियाँ भी
अपने मुँह में डाल लीं और उन्हें चबाया,
और उसने चॉम्पो बार को दबाया और गाया:

चॉम्पो बार मिलना अच्छा लगता है.
चॉम्पो बार का स्वाद बहुत अच्छा होता है
ख़ास पर जब वो चॉम्पो बार किसी और का हो.

"तुम ग्लोरिया का चॉम्पो बार नहीं खाओगी," पिताजी ने कहा.
"वो अभी ग्लोरिया का नहीं है," फ़्रांसिस ने कहा.
"मैं मुश्किल से समझ पा रहा हूँ कि तुम क्या कह रही हो,"
पिताजी ने कहा. "क्या तुम्हारे मुँह में कुछ है?"



"मुझे लगता है शायद बबल गम है," फ़्रांसिस ने कहा,

"लेकिन मुझे याद नहीं है कि वो वहाँ कैसे पहुँची."

"शायद मुझे चॉम्पो बार का ध्यान रखना चाहिए

जब तक तुम उसे ग्लोरिया को देने के लिए तैयार न हो जाओ," पिताजी ने कहा.

"ठीक है," फ़्रांसिस ने कहा.

और उसने चॉम्पो बार पिताजी को दे दिया

जिससे कि वे उसका ध्यान रख सकें.

अगले दिन ग्लोरिया का जन्मदिन था,

और पार्टी भी उसी दोपहर को थी.

केक तैयार था; मेज़ पूरी तरह सजी हुई थी;

माँ हॉट चॉकलेट बना रही थीं.

सबके लिए गम ड्रॉप्स और चॉकलेट से ढकी मूंगफलियां थीं.

साथ में सबके लिए प्लेस कार्ड्स थे

माँ और पिताजी, फ़्रांसिस और ग्लोरिया,

ग्लोरिया की दोस्त इडा के लिए,

और फ़्रांसिस के दोस्त अल्बर्ट के लिए.





अल्बर्ट सबसे पहले आने वाला दोस्त था,

वो और फ़्रांसिस लिविंग रूम में बैठ गए

और वे इडा का इंतज़ार करने लगे.

"तुम ग्लोरिया को क्या दे रहे हो?“ फ़्रांसिस ने अल्बर्ट से पूछा.

"एक छोटे से डिब्बे में एक छोटा सा ट्रक,“ अल्बर्ट ने कहा.

"वो जो पचास सेंट का मिलता है?" फ़्रांसिस ने पूछा,

"बिल्कुल ठीक," अल्बर्ट ने कहा.

"लेकिन मेरी माँ ने मुझे इसके लिए पैसे दिए थे."

"मैं ग्लोरिया को चॉम्पो बार देने की सोच रही हूँ,"

फ़्रांसिस ने कहा. "लेकिन मुझे अभी यकीन नहीं है.

हो सकता है कि मैं दूँ भी और नहीं भी. मुझे इस पर

लगभग दो पूरे भत्ते (पॉकेट मनी) खर्च करने पड़े."

"देखो ऐसा ही होता है जब वो आपकी अपनी बहन हो तो,"

अल्बर्ट ने कहा. "मुझे भी अपनी छोटी बहन के जन्मदिन पर

अपने भत्ते के पैसे खर्च करने पड़े. मैंने उसे एक यो-यो दिया.

लेकिन वह उससे खेलने लायक ऊंची नहीं थी.

इसलिए अब मैं ही उसका इस्तेमाल कर रहा हूँ."

"छोटी बहनें ज़्यादा r-v-s-m नहीं होतीं,“ फ़्रांसिस ने कहा.

"अच्छा?" अल्बर्ट ने कहा.

"यह सही है," फ़्रांसिस ने कहा.

"नहीं, वे नहीं होतीं," अल्बर्ट ने कहा,

"वे पकड़ नहीं सकतीं. वे फेंक नहीं सकतीं.

जब आप लुका-छिपी खेलते हैं, तो वे हमेशा

ऐसी जगहों पर छिप जाती हैं जहाँ उनका

कुछ हिस्सा हमेशा बाहर निकला रहता है."

"वे आपकी रेत की बाल्टी और आपका फावड़ा भी ले जाती हैं,"
फ्रांसिस ने कहा. "वे बटन वाली गुड़ियों की बटन वाली आँखें नोचती हैं.
वे आपके क्रेयॉन तोड़ देती हैं ताकि डिब्बे में कोई लंबा क्रेयॉन न बचे.
वे आपकी कच्ची मिट्टी के बर्तनों में पानी डाल देती हैं
जब आप वो बिलकुल नहीं चाहते हैं.
मुझे लगता कि उनमें से किसी को भी चॉम्पो बार नहीं मिलना चाहिए."





"चॉम्पो बार को बार-बार इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है
जैसे यो-यो को," अल्बर्ट ने कहा. "उसे एक बार खाया और वह ख़तम.
तुम्हें कम-से-कम उसका कुछ हिस्सा तो मिलना ही चाहिए."
"ठीक है," फ्रांसिस ने कहा.
"अब इडा आ गई है," माँ ने कहा,
"इसलिए पार्टी शुरू हो सकती है."

"उपहार कहाँ हैं?" ग्लोरिया ने पूछा

फिर सब अपनी-अपनी जगहों पर बैठ गए जहाँ उनके बैठने के कार्ड थे.

"पहले," पिताजी ने कहा, "तुम्हारी माँ केक लाएँगी, और मैं मोमबत्तियाँ जलाऊँगा.

फिर हम सब 'हैप्पी बर्थडे टू यू' गाएँगे.

फिर ग्लोरिया तुम एक इच्छा करना और सारी मोमबत्तियाँ बुझा देना.

उसके बाद तुम्हें उपहार मिलेंगे."

"मुझे पता है क्या इच्छा करनी है," ग्लोरिया ने कहा.



"मत बताओ," इडा ने कहा.

"अगर तुम इच्छा बता दोगी तो फिर वो पूरी नहीं होगी," अल्बर्ट ने कहा.

"लो केक आ गया," माँ ने कहा.

उन्होंने केक मेज़ पर रख दिया, फिर पिताजी ने मोमबत्तियाँ जलाईं.

फिर सबने "हैप्पी बर्थडे टू यू" गाया.

फ्रांसिस ने वो गीत नहीं गाया

जो दूसरे गा रहे थे.

उसने बहुत धीरे से गाया, ताकि कोई उसे सुन न सके::

हैप्पी चॉम्पो टू मी

वैसा ही होना चाहिए—

हैप्पी चॉम्पो टू फ्रांसिस,

हैप्पी चॉम्पो टू मी.



"अब," माँ ने ग्लोरिया से कहा, "अपनी इच्छा बताओ
और मोमबत्तियाँ बुझा दो."
"मैं अपनी इच्छा बताना चाहती हूँ," ग्लोरिया ने कहा.
"नहीं, नहीं!" माँ और पिताजी ने कहा
और फ़्रांसिस, अल्बर्ट और इडा ने भी.
"इच्छा को बस अपने मन में ही कहो
और मोमबत्तियाँ बुझा दो," अल्बर्ट ने कहा.
ग्लोरिया ने मन-ही-मन अपनी इच्छा कही
और फिर उसने एक साथ सारी मोमबत्तियाँ बुझा दीं.
"हुर्रे!" सब ने कहा.





"अब तुम्हारी इच्छा ज़रूर पूरी होगी," माँ ने कहा.
"यही मेरी इच्छा थी," ग्लोरिया ने कहा: "काश फ़्रांसिस मेरे प्रति अच्छी होती
और मुझ पर नाराज़ नहीं होती इसलिए क्योंकि मैंने पिछले साल उसकी रेत की बाल्टी
और फावड़ा छिपा दिया था. कृपा मुझे माफ़ करना, अब से मैं अच्छा व्यवहार करूँगी."
"क्योंकि उसने सबको बताया," इडा ने कहा. "इसलिए अब उसकी इच्छा पूरी नहीं होगी."
"मुझे लगता है कि उसकी इच्छा ज़रूर पूरी होगी," माँ ने कहा,
"क्योंकि वो एक खास तरह की शुभकामना है जो खुद पूरी हो सकती है."



"ठीक है," फ्रांसिस ने ग्लोरिया से कहा, "मुझे लगता है कि तुम्हारी इच्छा ज़रूर पूरी होगी. और मेरे पास तुम्हें देने के लिए एक तोहफ़ा है, मैं बबल गम की चार गोलियाँ के लिए तुम्हारी कर्ज़दार हूँ."

"अब तोहफ़े देने का समय हो गया है?" ग्लोरिया ने कहा.

"हाँ," पिताजी ने कहा.

पिताजी और माँ ने ग्लोरिया को पेंटबॉक्स
साथ में चाय का सेट और एक आलीशान सुअर दिया.
अल्बर्ट ने उसे छोटा ट्रक दिया.
इडा ने उसे एक छोटी सी चीनी मिट्टी की गुड़िया दी.
फ्रांसिस ने चॉम्पो बार एक सुंदर कागज़ में लपेटा था
और उसे एक रिबन से बाँधा था,
और अब वह उसे ग्लोरिया को देने के लिए तैयार थी.

"यह क्या है?" ग्लोरिया ने पूछा.

"यह खाने में स्वादिष्ट है," फ्रांसिस ने कहा.

"और मैं उसे तुम्हें एक मिनट बाद दूँगी.
लेकिन पहले मैं 'हैप्पी बर्थडे टू यू' गाऊँगी,
क्योंकि मैंने उसे पहली बार नहीं गाया था.

"हैप्पी बर्थडे टू यू," फ्रांसिस ने गाया,
और फिर उसने चॉम्पो बार को दबाया.

"हैप्पी बर्थडे टू यू." फिर वह रुकी और उसने कुछ थोड़ा आराम किया.

"जब वो मुझे मिलेगा तब तुम उसमें से कुछ खा लेना," ग्लोरिया ने कहा.





फ्रांसिस ने गहरी साँस ली और गाना पूरा किया.

"जन्मदिन मुबारक हो, प्यारी ग्लोरिया,

तुम्हें जन्मदिन मुबारक हो.

"लो," फ्रांसेस ने कहा. फिर उसने चॉम्पो बार को

आखिरी बार दबाया और उसे ग्लोरिया को दे दिया.

"तुम इसे पूरा खा सकती हो, क्योंकि

आज तुम्हारा जन्मदिन है," फ्रांसेस ने कहा.

"धन्यवाद," ग्लोरिया ने कहा

फिर उसे जल्दी से चॉम्पो बार खोला.

"यह एक अच्छा तोहफा है."

और उसने उसे एक बार में पूरा खा लिया,

क्योंकि वह जन्मदिन वाली लड़की थी.


CHOMPO